मंगलवार

09 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




वारदात की साजिश नाकाम: दो राइफल और 68 गोलियों के साथ एक गिरफ्तार 2

## खबरें फटाफट

### केरल में नाव पलटने से सात बच्चों समेत 22 लोगों की मौत

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम जिले में नाव पलटने से सात बच्चों समेत 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे पर पीएम मोदी ने भी दुख जताया है। अधिकारी ने बताया कि थूवलथीरम समुद्र तट के पास हुई पर्यटक नौका दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम को नाव पलटने के बाद आठ लोगों को बचाया गया और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। केरल सरकार ने मलप्पुरम जिले में हुए नाव हादसे मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसी के साथ ही पीड़ितों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। वहीं, इस हादसे के बाद मौके पर बचाव अभियान भी जारी है। भारतीय नौसेना के चेतक हेलीकॉप्टर को तलाशी और बचाव अभियान में मदद के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और भारतीय तट रक्षक दल की टीम मौके पर पहुंच गई है और लापता लोगों की तलाश के लिए तलाशी अभियान जारी है। बता दें कि मलप्पुरम जिले के तानुर इलाके में थूवलथीरम समुद्र तट के निकट रविवार शाम एक हाउसबोट पलट गई थी, इसमें सवार महिलाओं और बच्चों समेत 22 लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा लगभग 7:30 बजे हुआ था।

### आईएएस जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की है याचिका

# आनंद मोहन सिंह की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जवाब

- याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने बिहार सरकार से रिकॉर्ड पेश करने को कहा, कोर्ट ने केंद्र सरकार व आनंद मोहन को भी जारी किया है नोटिस
- दिवंगत आईएएस जी कृष्णैया की हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आनंद मोहन को बिहार सरकार ने जेल मॉड्यूल में बदलाव कर रिहा कर दिया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह की रिहाई के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से जवाब मांगा है। दिवंगत आईएएस जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने बिहार सरकार से रिकॉर्ड पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार और आनंद मोहन को भी नोटिस जारी किया है। साथ ही 2 हफ्ते में अगली सुनवाई की बात कही है। उमा कृष्णैया ने अपनी याचिका में बिहार सरकार का आदेश रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मौत की सजा को जब उम्र कैद में बदला जाता है, तब दोषी को आजीवन जेल में रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी ऐसे फैसला दे चुका है। लेकिन इस मामले में दोषी को रिहा कर दिया गया।

याचिका में यह भी कहा गया है कि 10 अप्रैल को सिर्फ राजनीतिक कारणों से बिहार सरकार ने जेल नियमावली के नियम 481(1)(ं) को बदल दिया। याचिका में बताया गया है कि 2012 में बिहार सरकार की तरफ से बनाई गई जेल नियमावली में



सरकारी कर्मचारी की हत्या को जघन्य अपराध कहा गया था। इस अपराध में उम्र कैद पाने वालों को 20 साल से पहले किसी तरह की छूट न देने का प्रावधान था। लेकिन पिछले महीने राज्य सरकार ने जेल नियमावली में बदलाव कर सरकारी कर्मचारी की हत्या को सामान्य हत्या की श्रेणी में रख दिया गया। इससे आनंद मोहन के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया।

### आनंद मोहन को हुई थी फांसी की सजा

गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की 1994 में मुजफ्फरपुर के खोबरा में हत्या हो गई थी। 2007 में निचली अदालत ने इस मामले में आनंद मोहन को फांसी की सजा सुनाई थी। बाद में पटना हाई कोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था। लेकिन 27 अप्रैल को उन्हें 14 साल जेल में बिताने के आधार पर रिहा कर दिया गया है।

### मनीष कश्यप को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में कथित तौर पर बिहारी मजदूरों से मारपीट का फर्जी वीडियो प्रसारित करने के मामले में जेल में बंद बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने मनीष कश्यप की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका और एफआईआर को क्लब करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने मनीष कश्यप को हाई कोर्ट जाने को कहा है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर तल्ख टिप्पणी भी की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि कोर्ट भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करने के लिए इच्छुक नहीं है। हालांकि, बेंच ने यह स्पष्ट किया कि कश्यप राहत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी सहित उपयुक्त अधिकारियों से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं। सुनवाई के दौरान, पीठ ने यह भी कहा कि कश्यप ने जानबूझकर फर्जी वीडियो बनाए और उन्हें तमिलनाडु जैसे स्थिर राज्यों में अशांति फैलाने के लिए प्रसारित किया। सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, आपके पास एक स्थिर राज्य है, तमिलनाडु का राज्य। आप अराजकता फैलाने के लिए कुछ भी फैला रहे हैं। हम इसपर विचार नहीं कर सकते हैं। कश्यप की ओर से सीनियर एडवोकेट मनिंदर सिंह एच ने कहा कि उन्होंने मेनस्ट्रीम अखबारों की रिपोर्ट्स के आधार पर वीडियो बनाया था और अगर कश्यप को एनएसए के तहत गिरफ्तार किया जाना है तो दूसरे अखबारों के पत्रकारों को भी एनएसए के तहत हिरासत में लिया जाना चाहिए।



उमा कृष्णैया के लिए पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें थोड़ी देर सुनने के बाद जस्टिस सूर्य कांत और जे के माहेश्वरी की बेंच ने नोटिस जारी कर दिया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद पूर्व आईएएस और केंद्रीय मंत्री के.जे. अल्फोंस ने भी मामले में अपनी तरफ से एक आवेदन दाखिल करने की जानकारी जजों को दी। उन्होंने जेल नियमावली में बदलाव का विरोध करते हुए कोर्ट की सहायता करने की अनुमति मांगी। जजों ने कहा कि अगली तारीख पर वह उनकी बात भी सुनेंगे। उमा कृष्णैय्या ने याचिका दायर करने के सवाल पर कहा कि हमने व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर नहीं की है बल्कि कअर अफसरों ने की है। मैं यह लड़ाई नहीं लड़ रही, क्योंकि हमें सपोर्ट करने वाला कोई नहीं है। उमा कृष्णैय्या ने स्पष्ट कहा कि मुझे नीतीश सरकार से कुछ नहीं चाहिए। सरकार आनंद मोहन की रिहाई पर फिर से विचार करे। इस फैसले से कअर अफसरों के मनोबल पर काफी असर पड़ा है।

## मोतिहारी में फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में घुस 15 लाख की लूट



- सोमवार की सुबह 10-12 हथियारबंद बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- बदमाशों ने फाइनेंस कार्यालय में घुसकर कर्मचारियों को बंधक बनाकर की लूटपाट

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में बदमाशों ने एक फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से करीब 15 लाख रुपये की लूट की है। घटना ढाका थाना गेट से करीब 400 मीटर की दूरी की है। सोमवार की सुबह हथियारबंद बदमाश फाइनेंस कार्यालय में घुसे और कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया।

बताया जाता है कि सुबह करीब सात बजे 10 से 12 की संख्या में बदमाश फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में घुसे थे। इसके बाद फाइनेंस कार्यालय में मौजूद सभी कर्मियों को एक कमरे में बंधक बना लिया। घटना ढाका थाना से करीब 400 मीटर की दूरी पर स्थित स्पंदना फाइनेंस कंपनी की है। घटना के समय बदमाशों ने मारपीट भी की जिसमें फाइनेंस मैनेजर के कंधे पर हल्की चोट भी आई है।

### मामला संदेहास्पद, हो रही जांच : एसपी

इस मामले में मोतिहारी के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने सात लाख रुपए लूटे जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि लूट में मैनेजर और अन्य कर्मी की संलिप्तता की बात सामने आ रही जिसकी जांच की जा रही है। मामला संदेहास्पद है। जांच चल रही है। जब रविवार को कार्यालय बंद था तो इतनी मोटी रकम कहां से आई? ये सारी चीजें पूछताछ में पता लगाने की कोशिश की जा रही। पुलिस मैनेजर और कंपनी के कुछ स्टाफ की भूमिका को संदिग्ध मान रही और सभी से पूछताछ कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज से हो रही है जांच:** इस मामले में ढाका थानाध्यक्ष मुकेश चंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही दल बल के साथ फाइनेंस कार्यालय पुलिस पहुंची। घटना का जायजा लिया गया है. मामले में फाइनेंस कार्यालय के मैनेजर से जानकारी ली जा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया जाएगा।

## मणिपुर में रह रहे बिहार के छात्रों की सुरक्षा और उनकी वापसी को लेकर सीएम नीतीश गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

मणिपुर में पढ़ाई कर रहे बिहारी छात्रों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वहां रह रहे छात्रों की सम्पूर्ण सुरक्षा और उनकी सकुशल वापसी के लिए पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मणिपुर के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे बिहार के छात्रों को बसों के जरिए पहले इंफाल एयरपोर्ट लाया जाएगा, उसके बाद इंफाल एयरपोर्ट से मंगलवार की सुबह छह बजे इंडिगो विमान के जरिये छात्रों को पटना लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि मणिपुर में फंसे बिहारी छात्रों को सकुशल बिहार वापस लाने की



समुचित व्यवस्था की जाए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मणिपुर में हो रही हिंसा के मद्देनजर वहां रहने वाले बिहार के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले मुख्य सचिव आमिर सुबहानी को मणिपुर के मुख्य सचिव से वार्ता कर वहां रह रहे बिहार के लोगों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया था।

### क्या है बवाल की वजह

मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय द्वारा उसे अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर की ओर से आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान चुराचांदपुर जिले के तोरबंग क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। नगा और कुकी सहित अन्य आदिवासी समुदायों की ओर से इस मार्च का आयोजन मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा पिछले महीने राज्य सरकार को मेइती समुदाय की एसटी दर्जे की मांग पर चार सप्ताह के भीतर केंद्र को एक सिफारिश भेजने का निर्देश देने के बाद किया गया था। हिंसा और झड़प में 54 लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

## सम्राट बोले... पलटासन के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला। सोमवार की सुबह 11 बजे बीजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने के लिए पहुंचा था। मुलाकात करने के बाद जब सम्राट चौधरी बाहर निकले तो उन्होंने मीडिया से बातचीत में बयान दिया। कहा कि नीतीश कुमार इतना नाटक करने वाले सीएम हैं ये पूरी दुनिया जान रही है। मीडियाकर्मियों के सवाल पर कि सीएम नीतीश कुमार मुंबई और ओडिशा जा रहे हैं। इस पर सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार अब बुजुर्ग हो गए हैं। मुंबई जाकर सीएम नीतीश कुमार फिल्मिस्तान देखें। बिहार में तो फिल्मिस्तान बना नही। मुंबई जाकर घूमेंगे और फिल्मी दुनिया देखेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ओडिशा जा रहे हैं तो जरा एक फॉमूर्ला समझ कर आएंगे कि बिहार से दस गुना ज्यादा विकास ओडिशा में हो रहा है और वहां के मुख्यमंत्री को कोई नहीं जानता है। नीतीश कुमार इतना नाटक करने वाले सीएम हैं कि पूरी दुनिया जान रही है कि ये पलटासन के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं।

वहीं दूसरी ओर बिहार के राज्यपाल से मिलकर सम्राट चौधरी ने सासाराम और नालंदा में रामनवमी पर हुई हिंसा की जांच की मांग की। कहा कि सीबीआई, ईडी या हाई कोर्ट के जज से इसकी जांच कराई जाए।






### बिहार में हो रही बैंक डकैती, सीएसपी संचालकों से लूट की घटना को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने उठाया कदम

# हर जिले में बैंकों की सुरक्षा का ऑडिट करेंगे एसएसपी-एसपी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में आए दिन हो रही बैंक डकैती, सीएसपी संचालकों से लूट की घटना के बाद प्रशासन की किरकिरी होने लगी है। इससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को राज्य में बैंक डकैती को रोकने के लिए बड़े स्तर पर प्लान बनाया है। एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि हर जिले के एसएसपी/एसपी को अपने क्षेत्र के तहत बैंकों और वित्तिय संस्थानों की सुरक्षा का ऑडिट करने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत इस बात की जांच करने को कहा गया है कि बैंकों में सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सभी उपकरण सही हैं या नहीं? बैंक में सिक्योरिटी



गार्ड है या नहीं? अगर है तो वो गार्ड एक्टिव और अलर्ट हैं या नहीं? उनके पास मौजूद हथियार की स्थिति क्या है? पुलिस ऐसी व्यवस्था करना चाहती है कि जिससे इस तरह की घटना हो ही नहीं। संवेदनशील इलाकों में स्थित बैंक के मैनेजर से बात करके सिक्योरिटी के लिए और उपकरण को बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। सीआईडी की तरफ से इस ऑडिट को मॉनिटर किया जा रहा है। जहां कमी होगी, उसके लिए बैंक से बात की जाएगी। हर थानेदार अपने इलाके के बैंकों में जांच करने खुद जा भी रहे हैं। बैंक डकैती के मामले में पकड़े गए अपराधियों को एफएसएल जांच के जरिए ठोस एविडेंस के आधार पर सजा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

### स्पेशल मोबाइल रिकवरी टीम गठित

राजधानी समेत बिहार के तमाम जिलों में मोबाइल स्नेचिंग की वारदातें भी तेजी से बढ़ी हैं। इस कारण भी थानों की पुलिस पर सवाल उठ रहे थे। एडीजी मुख्यालय के अनुसार अब पुलिस ने एक स्पेशल मोबाइल रिकवरी टीम का गठन किया है। जो लोगों स्नैच किए गए मोबाइल को बरामद कर रही है। फिलहाल कुछ जिलों में इस टीम का गठन कर कार्रवाई भी की गई है। जिसमें समस्तीपुर पुलिस की मोबाइल रिकवरी टीम ने इस साल जनवरी से लेकर अप्रैल तक में 75 लाख रुपए के कुल 281 मोबाइल को बरामद कर ऑनर को सौंप दिया है। इसी तरह बक्सर पुलिस की टीम ने जनवरी से मार्च तक में 170 मोबाइल फोन बरामद किया है। इसी प्रकार गया में 51, किशनगंज में 27, पटना के दानापुर में 20 मोबाइल को रिकवरी किया गया है।

# थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए वर-वधु का एचबीए-2 जांच जरूरी

**केटी न्यूज/गया**

थैलेसीमिया एक गंभीर रोग है और इस रोग के प्रति जागरूकता जरूरी है। थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए जरूरी है कि शादी से पूर्व ही लड़के और लड़की के खून की जांच आवश्यक रूप से हो। विवाह से पूर्व जन्मपत्री मिलाने के साथ-साथ वर और वधु का एचबीए-2 का टेस्ट कराना चाहिए। इससे थैलेसीमिया जैसी आनुवांशिक रोग से बच्चों को बचाया जा सकता है। यह जानकारी विश्व थैलेसीमिया दिवस के मौके पर मगध मेडिकल कॉलेज के थैलेसीमिया डे केयर सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम क दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ श्रीप्रकाश सिंह ने दी। इस दौरान शिशु विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीबी सिंह, केयर इंडिया के टीम लीड नरेंद्र कुमार सिंह तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व अन्य स्वास्थ्यकर्मी तथा थैलेसीमिया मरीजों व उनके परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान आमजन से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील भी की गयी।

- मगध मेडिकल कॉलेज में 5 माह में 60 थैलेसीमिया मरीजों का किया गया ब्लड ट्रांसफ्यूजन



डॉ. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि थैलेसीमिया डे केयर सेंटर राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा स्थापित किया गया है। यह डे केयर सेंटर मगध मेडिकल कॉलेज तथा स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था केयर इंडिया के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष 11 जनवरी से आठ मई के बीच थैलेसीमिया के 60 मरीजों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा मुहैया करायी गयी। इनमें 34 पुरुष तथा 26 महिला हैं। इन्हें 260 यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया। वहीं हिमोफीलिया के 40 मरीजों का ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया गया। इनको 150 यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया गया।

**वंशानुगत रोग में शामिल है थैलेसीमिया:** कार्यक्रम में थैलेसीमिया विषय पर मरीजों तथा उनके परिजनों देखभाल के विषय में जरूरी जानकारी दी गयी। साथ ही थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए आयरन युक्त पोषण आहार वाले फुड बास्केट का वितरण किया गया। डॉ श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि इस डे केयर सेंटर के संचालित होने से खून से जुड़ी बीमारियों के इलाज में निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। बताया कि थैलेसीमिया हीमोग्लोबिन के उत्पादन को कम करता है और मरीजों में शरीर में खून के थक्के जमा होने लगते हैं। यह रोग वंशानुगत रोग की श्रेणी में शामिल है। बच्चों में इसके होने की संभावना बहुत अधिक होती है। इसलिए ऐसे मरीजों के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन की एकमात्र उपाय है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन की मदद से रोगी के जीवन में इजाफा लाया जाता है। मगध मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया बच्चों को निःशुल्क खून की जांच, ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधाा और आयरन चिलेटिंग एजेंट औषधि प्रदान की जा रही है।

## पुराने विवाद में दो पक्षों में टकराव की सूचना पर पहुंची पुलिस, मिली सफलता

# वारदात की साजिश नाकाम: दो राइफल और 68 गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के करनामेपुर ओपी के सोनवर्षा गांव में रविवार की रात पुलिस ने एक बड़ी वारदात की साजिश को नाकाम किया। जिसमें पुराने विवाद में दो पक्षों में गोलियां चलने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जहां से पुलिस ने दो घरों से दो राइफल और 68 गोलियां जब्त कर ली। वहीं, मौके से सोनवर्षा गांव निवासी धनजी यादव को गिरफ्तार भी किया गया। उसके घर से एक देसी राइफल और 42 गोली बरामद की गयी है। हालांकि दूसरे पक्ष का कोई आरोपित पकड़ में नहीं आया। लेकिन दूसरे पक्ष के एक आरोपित सुनील मिश्रा के घर से एक रेगुलर राइफल और 26 गोलियां जब्त की गई।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार की रात सूचना मिली कि सोनवर्षा गांव दो पक्षों की ओर से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी है। उसके लिए दोनों पक्षों की ओर से हथियार और गोलियों के साथ अपराधी तत्व जमा हुए हैं। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराधियों की धरपकड़ को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की गयी। उस दौरान एक पक्ष के



- एक घर से देसी राइफल व 26 गोली व दूसरे घर से रेगुलर राइफल व 42 गोली जब्त
- जब्त हथियारों की जांच में जुटी पुलिस, फरार लोगों की तलाश जारी

आसनंद यादव के घर से एक देसी राइफल और 42 गोली बरामद की गयी। मौके से उसके पुत्र धनजी यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के समर्थक सुनील मिश्रा के घर से एक रेगुलर राइफल और 26 गोलियां बरामद की गयी। हालांकि सुनील मिश्रा पकड़ में नहीं आ सका। इधर पुलिस की आने की भनक लगते ही अन्य लोग भी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग चुके थे। एसपी ने बताया कि दोनों हथियार की जांच की जा रही है। एक राइफल देखने में मुंगेर निर्मित लग रहा है। हालांकि जांच के बाद ही क्लीयर होगा। टीम में करनामेपुर ओपी इंचार्ज सहित आसपास के थानों की पुलिस शामिल थी।

**मुंडन कार्यक्रम के दौरान हमले की थी तैयारी :** सोनवर्षा गांव में दो पक्षों के बीच काफी पहले से पुरानी अदावत चल रही है। रविवार की रात एक बार फिर मुंडन कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्ष के बीच वर्चस्व की जंग होने वाली थी। उसे लेकर पूरी तैयारी कर ली गयी थी। हथियार के साथ भारी मात्रा में गोलियां भी जुगाड़ कर ली गयी थी। अब बस मौके की तलाश थी। तभी पुलिस पहुंच गयी और सारा खेल बिगड़ गया। एसपी के अनुसार दोनों पक्षों के समर्थकों के घर में रविवार को कोई कार्यक्रम था। उसी के बहाने दोनों पक्षों की ओर वर्चस्व को लेकर एक दूसरे पर हमले की तैयारी की जा रही थी। लेकिन समय रहते ही पुलिस को भनक मिल गयी और टीम ने छापेमारी कर हथियार जब्त कर लिया। एसपी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी पूर्व से विवाद चल रहा है। जिसमें पहले भाजपा नेता विशेश्वर ओझा और बाद में उनके गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या की जा चुकी है। उसी क्रम में रविवार की रात भी दोनों पक्षों के बीच हिंसक वारदात होनी की सूचना थी।

## अंतरजिला चोर गिरोह के सात बदमाश गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के सात शातिर बदमाशों को गिरफ्तार भी किया है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक, चार मास्टर चाबी और तीन मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार शातिरों में तरारी थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी साहीर हुसैन, धीरज कुमार, कमलेश यादव उर्फ अजीर, कृष्ण कुमार उर्फ लफुआ, इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी सुरेश पिंटू कुमार, झींगुर पासी और रविंद्र कुमार उर्फ झिंगन शामिल हैं। उन्होंने भोजपुर, अरवल और रोहतास जिले में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि जिले खासकर पीरो इलाके में बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। रविवार की शाम तरारी थाना क्षेत्र के खेलड़िया पुल के समीप वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में पूरा राज खुल गया। टीम में पीरो थानाध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद सिंह और तरारी थानाध्यक्ष विजय प्रसाद आसपास के थानों की पुलिस शामिल थी।

## दो बाइक की सीधी भिड़ंत में युवक जख्मी

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर दो बाइक की भिड़ंत हो गई। उसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी मो. बसीरुद्दीन अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मो. सोनू है। उसने बताया कि सोमवार दोपहर वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर आरा की निजी अस्पताल में अपने भाई का इलाज करवाने आ रहा था। उसी दौरान तेतरिया मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरी बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। उससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

## बाइक की भिड़ंत में स्वास्थ विभाग का लिपिक जख्मी

**आरा।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदूनी गांव के समीप सोमवार की सुबह दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार सदर अस्पताल के वरीय लिपिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक का इलाज परिजनों द्वारा स्थानीय स्तर से कराया जा रहा है। जख्मी लिपिक पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा गांव निवासी 52 वर्षीय राजीव कुमार सिंह है। वह आरा सदर अस्पताल के अधीक्षक कार्यालय में वरीय लिपिक के पद पर कार्यरत हैं।

# बारातियों से भरी सवारी गाड़ी पलटी, आठ जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के समीप सोमवार की सुबह बारातियों से भरी सवारी गाड़ी पलट गयी। उसमें गाड़ी में सवार आठ बाराती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आधा दर्जन बारातियों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दो अन्य घायलों का इलाज उदवंतनगर पीएचसी में कराया जा रहा है।

घायलों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव निवासी 58 वीरेंद्र राम, 69 वर्षीय धनेश्वर राम, 17 वर्षीय अमित कुमार, 60 वर्ष मोहन राम, 70 वर्षीय कामता राम, उसी थाना क्षेत्र के चौराई गांव निवासी 36 वर्षीय अरविंद कुमार दास सहित अन्य लोग शामिल हैं। जख्मी धनेश्वर राम ने बताया कि रविवार की शाम गांव के ही राजनाथ के लड़के राजू की बारात हसन बाजार ओपी क्षेत्र के नारायणपुर गांव गयी थी। उसी बारात में सभी लोग शामिल होने के लिए गए थे। सोमवार की सुबह सभी लोग सवारी गाड़ी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान अचानक चालक को झपकी आ गयी। उस कारण सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। उसमें सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

- चालक को झपकी आने के कारण हुआ हादसा

# कोचिंग से घर लौटते समय सड़क हादसे में कार सवार संचालक की मौत, तीन जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला मोड़ के समीप बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सोमवार की दोपहर सड़क हादसे में कार सवार कोचिंग संचालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में कार सवार तीन लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना को लेकर देर तक अफरातफरी मची रही। मृत कोचिंग संचालक पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी रघुवर सिंह के 23 वर्षीय पुत्र चंदन सिंह थे। वह आरा नवादा थाना



क्षेत्र की बाजार समिति में कोचिंग चलाते थे। उनके चाचा श्रीराम सिंह बरांव पंचायत के मुखिया हैं। अन्य घायलों में बरांव गांव निवासी रामचंद्र सिंह का बेटा मनोज सिंह, राजेंद्र सिंह का बेटा गोल्डन सिंह एवं धनजी यादव का बेटा दीपू कुमार शामिल है।

बताया जा रहा है कि चंदन सिंह रोज की तरह सोमवार की सुबह भी गांव से कार से बाजार समिति स्थित अपनी कार कोचिंग गये थे। दोपहर में वह अपने तीन साथियों के साथ कार से वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला मोड़ के समीप उनकी कार का टायर फट गया। उससे उनकी कार अनियंत्रित होकर लोहे के एक पोल से जा टकरा। उसमें कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों और मुखिया की ओर से उनके परिजनों को सूचना दी गयी। तब परिजन पहुंचे और इलाज के लिए सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा चंदन सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं कार पर सवार मनोज सिंह,गोल्डन सिंह और दीपू कुमार का इलाज आरा शहर में स्थित एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

## फुलवारीशरीफ प्रखंड के निजामपुर, अधपा एवं हसनपुरा गांव के मरीजों में किया गया एमएमडीपी किट का वितरण

# हाथीपांव के मरीजों को फाइलेरिया के प्रबंधन के बारे में दी गयी जानकारी

**केटी न्यूज/पटना**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के सोरनपुर पंचायत के निजामपुर, अधपा एवं हसनपुरा गांव गांव के 10 हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 10 फाइलेरिया मरीजों को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध करायी गयी। फाइलेरिया रोगियों की पूरी जांच की गयी और उन्हें दवा भी उपलब्ध करायी गयी। फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक डॉ. अपूर्वा ने सभी फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का किस प्रकार उपचार में उपयोग एवं आवश्कता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी मरीजों के समक्ष एक रोगी के पैर की



सफाई कर उपस्थित मरीजों को एमएमडीपी की विधि बताई। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित होने पर व्यक्ति को हर महीने एक-एक सप्ताह तक तेज बुखार, पैरों में दर्द, जलन, के साथ बेचैनी होने लगती है। एक्यूट अटैक के समय मरीज को पैर को साधारण पानी में डुबाकर रखना चाहिए या भीगे हुए धोती या साड़ी को पैर में अच्छी तरह लपेटना चाहिए। इससे मरीजों को तत्काल राहत मिलती है और उनका दर्द एवं सूजन कम जाता है।

**इन्हें मिल एमएमडीपी किट:** कुल 10 फाइलेरिया ग्रसित रोगियों को एमएमडीपी किट प्रदान किया गया। इनमे निजामपुर गांव के श्याम नारायण साह, संगीता देवी, सीता देवी, उषा देवी राजकुमार सिंह, अधपा गांव के भरत राम, रानी देवी, सरोज देवी तथा हसनपुरा गांव के बेलदार सिंह शामिल हैं. हसनपुरा गाँव के खुशबु नेटवर्क समूह के सदस्य बेलदार सिंह ने बताया कि हमें किट प्रदान की गयी और फाइलेरिया के बारे में कई जानकारी प्राप्त हुई। हमारा विश्वास सरकारी अस्पताल पर बढ़ा है और हम फाइलेरिया के लक्षण दिखाई पड़ने वाले लोगों को तत्काल यहां आकार जांच कराने के लिए प्रेरित करेंगे। अब हमें लगता है कि हम अपने हाथीपांव का प्रबंधन बेहतर तरके से कर सकेंगे।

**क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया:** फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड स्वास्थ्य समन्वयक अंबिका कुमार ने मरीजों को जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी जा रही है। यह रोग संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है और काटने के बाद किसी भी व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है। इससे या तो व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। फाइलेरिया को शुरूआत में ही पहचान करते हुए रोका जा सकता है।

## एक नजर

### शादी में गांव गया था शिक्षक का परिवार, नगदी और जेवर सहित लाखों का सामान ले उड़े चोर

**आरा।** जिले के पीरो नगर स्थित वार्ड नंबर 15 में एक शिक्षक के घर चोरी की भीषण घटना हुई है। पोते की शादी में गांव गए शिक्षक प्रमात्मा पांडेय के घर से चोर नगदी और जेवर सहित लाखों रुपए का सामना ले उड़े। वारदात छह-सात मई के बीच की रात की बतायी जा रही है। आठ मई की सुबह शिक्षक अपने परिवार के साथ पीरो स्थित मकान पहुंचे, तो घटना की जानकारी मिली। इसे लेकर शिक्षक परमात्मा पांडेय की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। शिक्षक नेता परमात्मा पांडेय मूल रूप से चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव के रहने वाले हैं। वह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय नेता भी हैं। उनके पुत्र मृत्युंजय पांडेय भी सिकरहट्टा स्थित इंटर स्कूल में शिक्षक हैं। बताया जा रहा है कि शिक्षक के पोते की छह मई को शादी थी?। उसमें वह अपने परिवार के साथ पैतृक गांव मलौर चले गये थे। उस कारण में उनका घर बंद था। ऐसे में चोरों ने उनके घर पर हाथ साफ कर लिया। शिक्षक की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि आठ मई की सुबह लौट तो दरवाजा खुला मिला। घर का सारा समान भी तहस-नहस पाया गया। छानबीन में पता चला कि चोर उनके घर से एक लाख 13 हजार रुपये नगद, सोना का जिउतियां दो पीस, पायल 6 जोड़ा, चांदी का सिक्का 15 पीस, एक सोने की चेन, एक अंगुठी और कान का टॉप्स दो जोड़ा ले भागे हैं। दीवार में लगी पानी की पाइप और नल भी टूटा हुआ था। प्राथमिकी में चोरों के छत के सहारे घर में घुस वारदात को अंजाम देने की बात कही गई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर अपर थानाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में मामले की छानबीन और चोरों की धरपकड़ में जुट गयी है।



### समाज के लिए जो हम करते हैं, वह पूरी उदारता व अंतरात्मा से निकलना चाहिए: डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि पीड़ित मानवता के लिए समाज के लिए जो हम करते हैं, वह पूरी उदारता व अंतरात्मा से निकलना चाहिए। दरअसल आज के हालात में पीड़ित मानता को समाज की गहरी संवेदना की जरूरत होती है। समाज के सक्षम व उदार लोगों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से जूझ रहे समाज के जरूरतमंदों की मदद में आगे आकर पहल करना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा बहुत बड़ा धर्म है। वे सोमवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के जिला शाखा के द्वारा विश ?व रेड क्रॉस दिवस पर यहां गांधी मैदान स्थित रेडक्रॉस भवन में आयोजित संस्था के इस साल के थीम एवरी थिंग वी डू कम्स फ्रॉम हर्ट विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले जिलाधिकारी ने समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुये डीएम ने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो दुनियाभर में अलग-अलग आपदाओं के समय लोगों की आगे आकर मदद के लिए ख्यातिलब्ध रही है। जिले में आपदा प्रभावित लोगों की सहायता करने में यहां जिला रेडक्रॉस वर्षों से अहम भूमिका निभा रही है। उन्होने कहा कि रेडक्रॉस को समाज सेवा के क्षेत्र में अंब्रेला ऑगेनाईजेशन की तरह आगे बढ़कर काम करना चाहिए ताकि दूसरे सामाजिक संगठन भी इससे प्रेरित हों। उन्होने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में यहां रक्तसेवा जैसी सामाजिक संगठन काफी बेहतर काम कर रही हैं, यह अच्छी बात है।



### भाजपा सांसद यौन शोसन के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करो: वेंकटेश शर्मा

**जहानाबाद।** आरबाईए, आइसा, ऐपवा के संयुक्त बैनर तले महिला पहलवानों के समर्थन में यौन शोषण के आरोपी भाजपा संसद बृजभूषण शरण सिंह को त्वरित गिरफ्तार कर जेल भेजने, कुश्ती महासंघ के चेयरमैन पद से बर्खास्त करने सहित कई मांगों को लेकर माले कार्यालय से काको मोड़ तक मार्च निकाल राज्यव्यापी विरोध दिवस मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व आरबाईए जिला संयोजक वेंकटेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुए वेंकटेश शर्मा ने कहा कि देश का मान सम्मान और गौरव को बढ़ाने वाली, कॉमनवेल्थ गेम में देश के नाम गोल्ड देने वाली महिला पहलवान का शोषण भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने किया है। देश की पहलवान बेटियां जब न्याय के लिए जंतर मंतर पर धरना दे रही है तो पहलवानों के पक्ष में कारवाई करने के बजाय पूरी भाजपा टीम कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण को बचाने और महिला खिलाड़ियों को अनुशासन हीन बताने में लगी है। रोज रोज केश करने, सीबीआई व ईडी का विपक्षियों पर इस्तेमाल करने वाले मोदी जी की पुलिस आज हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। अभी तक भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह को गिरफ्तार नही किया गया। हम लोग मांग करते है की बृजभूषण सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर,कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हटाया जाए। साथ ही साथ सांसद की सदस्यता रद्द किया जाए। इस सभा को ऐपवा राज्य कमिटी सदस्य कुंती देवी, आरबाईए राज्य कमिटी सदस्य मुकेश पासवान आइसा संयोजक सन्नी भदानी, माले कार्यालय सचिव श्याम पांडे संतोष यादव, माले मखदुमपुर सचिव सतेंद्र रविदास, शिव कुमार बबलू सहित कई लोग मौजूद रहे।




### न्यायालय में झूठे साक्ष्य देने पर, थानाध्यक्ष एवं मुखिया पर केस दर्ज करने का आदेश

**जहानाबाद।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, आलोक कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने तत्कालीन परसविगहा थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं ग्राम पंडूई पंचायत के मुखिया रामप्रवेश कुमार पर न्यायालय में झूठा साक्ष्य पेश करने का प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। बताते चलें की न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आलोक कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने जीआर 46/13 मामले में अभियुक्त अनिल बिन्द के विरुद्ध गिरफ़्तारी वारंट जारी किया था। जिसके तामिला के दौरान उक्त मामले के अभियुक्त अनिल बिन्द को परसविगहा थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं पण्डुई पंचायत के मुखिया रामप्रवेश कुमार के द्वारा आपसी मेल में आकर न्यायालय के समक्ष एक मिथ्या रिपोर्ट दाखिल किया था। जिसमें अभियुक्त अनिल बिन्द को मृत दिखाते हुए एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। साथ ही बताते चलें की उक्त प्रकरण के आरोपी अनिल बिन्द स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर आत्मसमर्पण किया। लिहाजा न्यायालय द्वारा वर्तमान थाना प्रभारी से जाँच रिपोर्ट की मांगा की गई। जिसमें अभियुक्त के जीवित होने की पुष्टि की गई। साथ ही पूर्व में दाखिल मृत प्रतिवेदन को गलत बताया गया। न्यायालय द्वारा जांच करने के दौरान थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह सहित मुखिया रामप्रवेश कुमार पर न्यायालय में मिथ्या साक्ष्य देने एवं गढ़ने का दोषी ठहराते हुए दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

## खबरें फटाफट

### डुमरांव में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**डुमरांव।** बक्सर एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर डुमरांव पुलिस ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 120 स्थित डुमरांव थाने के समीप मुख्य सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान दर्जनों वाहनों को जब्त कर पुलिस ने जुर्माना वसूला। पुलिस ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान चलाया गया है। पुलिस यातायात नियमों के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के अलावे ट्रिपल लोडिंग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग प्रतिदिन चलेगा।

### पराली जलाने वालों पर हुई बड़ी कार्रवाई

**बक्सर।** पराली जलाना मिट्टी एवं स्वास्थ दोनों के लिए गंभीर मामला है, बावजूद जिले के किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों के हित में पराली जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया, समाचार-पत्र इत्यादि के माध्यम से किसानों से संदेश पहुंचाया जा रहा है, परंतु किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे किसानों को चिन्हित कर सीआरपीसी की धारा 133 के अंतर्गत कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सात किसानों पर सीआरपीसी की धारा 133 के अंतर्गत कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को अनुशंसा कर दिया गया है। कृषि समन्वयक द्वारा आगे भी पराली जलाने में संलिप्त किसानों का नाम कृषि विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा, तो वैसे किसानों पर भी सीआरपीसी की धारा 133 के अंतर्गत कार्रवाई जारी रहेगी।

# डुमरांव नगर निकाय चुनाव: जीत की जुगत में हर हथकंडे अपनाने में जुटे प्रत्याशी

- परिसीमन और वोटों का अंक गणित ही करेगा हार-जीत का फैसला
- चाय की चुस्कियों के बीच हर वार्ड में हो रही चुनाव पर चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर निकाय चुनाव की तिथि घोषित होते ही नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। चुनावी समर में उतरने वाले भावी उम्मीदवारों की शहर में चहलकदमी बढ़ गई है, जिससे हर मोहल्लों की फिजा बदलने लगी है। चाय की चुस्कियों के बीच हर वार्ड में चुनावी चर्चा-ए-आम हो गयी है। वर्तमान में चुनाव का ऐसा रंग चढ़ा है कि वार्डों में पार्षद के पद पर चुनाव लड़ने वालों की संख्या कम दिख रही है। मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद के भावी दावेदारों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है और अधिकांश उम्मीदवार अपनी तैयारी शुरू कर दिए हैं। नगर पर्षद का दायरा बढ़ने के बाद पहली बार वोटर मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद का चुनाव करेंगे। चचाओं को देखते हुए यहां से विभिन्न राजनीतिक दलों में रसूख रखने वाले और पैसो वालों की नजर इस कुर्सी पर लगी है। जिनमें कइयों ने तैयारी शुरू कर दी है। बिहार सरकार द्वारा इस बार मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद के प्रत्यक्ष चुनाव की घोषणा के बाद यहा की फिजा बदली-बदली नजर आ रही है।

डुमरांव नप का दायरा बढ़ाया गया है और राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शों पर वार्डों का परिसीमन होने के बाद 26 वार्ड से बढ़ाकर 35 वार्ड निर्धारित किया गया है। सरकार के निर्देश के बाद बदली इस व्यवस्था में नप के मंझे हुए खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ गयी है। क्षेत्र विस्तार उनके लिए बना-बनाया खेल बिगाड़ दिया है। समय से पहले ही सत्ता से बेदखल होने के बाद निवर्तमान पार्षद अपनी नई भूमिका की तलाश में जुट गये हैं।

वैसे निवर्तमान पार्षदों को अब वार्ड के लोगों के प्रति काफी मिलना-जुलना बढ़ गया है और वोटरों की छोटी से समस्यां भी उन्हें बहुत भारी दिखाई पड़ने लगी है। चुनावी घोषणा होते ही भावी उम्मीदवारों ने वोटरों के दिल जीतने के लिए मेल-जोल बढ़ाना शुरू कर दिया है। डुमरांव नप के दायरा बढ़ने के बाद नई निकाय सरकार में 12 गांवों को भी शहरी लाभ मिलेगा। पंचायती राज के बाद नगर निकाय में शामिल होते ही इन गांवों में भी भावी प्रत्यशियों की चुनावी समीकरण में भाग्य आजमाने की ललक बढ़ गयी है। पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, बनकट और महरौरा सहित 12 गांवों के विकास के मामले में बेहतर बनाने के लिए इन गांवों में भी मुख्य पार्षद के उम्मीदवारों की संख्या दर्जनों से अधिक है। जानकार बताते है कि इस बार पूर्व के ग्रामीण और शहरी वोटरों के बीच मुख्य पार्षद पद के चुनाव होंगे। गांव के पूर्व में रहे मुखिया, सरपंच सहित कई अन्य समाजसेवी भी इस पद के दौड़ में शामिल है।

## नावानगर पुलिस ने हथियार तस्करी की सूचना पर तीन को पकड़ा, एक फरार

# पुलिस की गिरफ्त में आया तस्करों का बड़ा गिरोह, हथियार व शराब बरामद

**केटी न्यूज/नावानगर/डुमरांव**

अनुमंडल के नावानगर पुलिस को शराब व हथियारों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह को गिरफ्त में लिया है। पुलिस ने कुल तीन तस्करों को पकड़ा है। उनके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली, 8 पीएम ब्रांड का एक पाउच शराब तथा एक रॉयल इनफिल्ड बुलेट बाइक बरामद हुई है। हालांकि उनका चौथा साथी पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा है। पुलिस को यह सफलता रविवार की रात नावानगर थाना क्षेत्र के बड़की भरौली मोड़ के पास से मिली है।

गिरफ्तार तस्करों में कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिया निवासी मो रियाज अंसारी उर्फ लाखन अंसारी, नवाडीह गांव का मुकेश सिंह यादव पिता अवधेश सिंह यादव, विजय यादव पिता भिखारी यादव शामिल है। जबकि फरार तस्कर की पहचान नवाडीह के ही शशिकांत यादव के रूप में हुई है। बता दें कि शशिकांत तस्करी के अलावे लूट मामले में भी वांक्षित है। जबकि रियाज उर्फ लाखन पर मुरार थाने में आर्म्स ऐक्ट का मामला दर्ज है। वही मुकेश व विजय शराब तस्करी के आरोप में कई बार जेल जा चुके है। हाल ही में विजय जेल से बाहर आया था। जानकारों की मानें तो सभी शराब व मादक पदार्थों के अलावे हथियार की तस्करी भी करते है। जानकारों की मानें तो सभी की गिनती इलाके के बड़े तस्करों में होती है।


तस्करों के पास से बरामद हथियार।


तस्करों की जब्त की गई बाइक।



पंचायत चुनाव के दौरान लाखन की तस्वीर।

इनकी गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी उपलब्धि मान रही है। वही इनके स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस इनके नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। फरार शशिकांत यादव की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी हो रही है।

**एसडीपीओ ने दी जानकारी:** इस संबंध में जानकारी देते हुए डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि नावानगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हथियारों के तस्कर एक बड़ी खेप लेकर बड़की भरौली के रास्ते गुजरने वाले है। इस सूचना पर पुलिस ने बड़की भरौली मोड़ के पास जाल बिछाया। इसी दौरान एक बुलेट तथा एक अन्य बाइक पर सवार चार लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रूकवाया तो भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर बुलेट सवार तथा उस पर बैठे दो अन्य लोगों को धर दबोचा। जबकि दूसरे बाइक पर बैठा शशिकांत मौके का फायदा उठा भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 8 पीएम ब्रांड का एक फ्रुटी पैक शराब बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर थाने लाई। तीनों ने अपने चौथे साथी के संबंध में जानकारी दी।

**पंचायत चुनाव में सक्रिय था लाखन:** नावानगर पुलिस की गिरफ्त में आया रियाज अंसारी उर्फ लाखन अंसारी अपराध की दुनिया में लंबे समय से सक्रिय रहा है। उस पर कोरानसराय के साथ ही मुरार थाने में भी लूट, तस्करी, आर्म्स ऐक्ट जैसे संगीन मामलों के आधा दर्जन केस दर्ज है। वही मुकेश और विजय के साथ ही फरार हुए शशिकांत पर भी तस्करी तथा लूट के कई मामले दर्ज है। अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए लाखन अंसारी पिछले पंचायत चुनाव में सक्रिय हुआ था। वह अपने बूते अपने छोटे भाई की पत्नी को मुखिया का चुनाव भी लड़वाया था। लेकिन मामूल अंतर से हार गया था। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान वह स्थानीय पुलिस के भी काफी करीब रहा है। कुछ महीना पहले तक वह नियमित रूप से कोरानसराय थाना में भी जाता था। ऐसे में उसके पुलिस से सांठगांठ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**छापेमारी के बाद उठ रहे सवाल:** तस्करों की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। लेकिन इस छापेमारी पर भी सवाल उठ रहे है। सूत्रों की मानें तो नावानगर पुलिस ने जिन तस्करों को गिरफ्तार किया है वे तस्करी के बड़े मोहरे है। पुलिस को हथियारों के बड़ी खेप आने की सूचना भी मिली थी। बावजूद उनके पास से मात्र एक कट्टा और एक पीस शराब बरामद होना कई सवाल खड़े कर रहा है। जबकि उनके पिछला रिकार्ड कुछ और ही बयां कर रहा है। उनके गिरफ्तारी के बाद से ही क्षेत्र में अनेकों की तरह की चचाएं हो रही हैं।

## एक नजर

### सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर लाइन क्लोज, स्मृति कुमारी बनीं थानेदार

**बक्सर।** सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन क्लोज कर दिया गया। वहीं उसी थाने में तैनात स्मृति कुमारी को थानेदार बनाया गया है। इसकी जानकारी बक्सर एसपी मनीष कुमार ने दी। एसपी की इस कार्रवाई के बाद जिले के पुलिसकर्मियों में हडकंप मचा हुआ है। सूत्रों कि मानें तो कई और थानेदारों पर गाज गिर सकती है। बक्सर एसपी मनीष कुमार एक्शन में हैं। कार्य में लापवाही उन्हें बर्दाश्त नही है। क्राइम मीटिंग में इसे वह अवगत करा चुके है। इसके बाद भी कई थाने के पुलिसकर्मी नही मान रहे हैं। ऐसे में उन पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। उसके बाद कार्रवाई की जा रही है।

### टैगोर की एकला चलो रे कविता आज भी करती है प्रेरित: शिवांग विजय सिंह




**डुमरांव।** यूथ सहर वेलफेयर फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा रबीन्द्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती के अवसर पर जश्न-ए-टैगोर के दूसरे दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अथिति के रूप में महाराजा डुमराँव शिवांग विजय सिंह शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता राजू कुशवाहा विशिष्ट अथिति के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अथिति महाराजा डुमराव शिवांग विजय सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मना रहे हैं। यह देख कर बहुत अच्छा लग रहा है कि आज भी गुरुदेव की लिखी गयी कवितायें उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी आज से सौ साल पहले थी। टैगोर की एकला चलो रे कविता आज भी हर अपने पढ़ने वालों को प्रेरित करती है। राजू कुशवाहा ने प्रतिभागियों को टैगोर के उस वचन को याद दिलाया जिसमें रबीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था 'आप केवल किनारे पर खड़े रहकर और पानी की तरफ घूर कर समुद्र को पार नहीं कर सकते' यह कथन हर उस प्रतिभागियों को याद करना चाहिए। जब कोई प्रतिभागी टैगोर के इस कथन को याद करेगा तो उसे अपनी मंजिल पाने में आसानी होगी। यूथ सहर के कला निदेशक अम्मार खान और डॉलफिन पब्लिक स्कूल के शिक्षक तबरेज अहसन खान ने अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### मनरेगा पीओ के खिलाफ केसठ प्रखंड पंचायत समिति सदस्यों ने खोला मोर्चा

**केसठ।** केसठ प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने मनरेगा पीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रखंड उपप्रमुख अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों ने पीओ के खिलाफ नियम विरूद्ध कार्य करने का आरोप लगाते हुए डीएम तथा मनरेगा डीपीओ को आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य कर्मियों ने पंचायती राज अधिनियम के मापदंडों का उल्लंघन कर योजनाओं का पोर्टल पर मनमाने तरीके से अपलोड कराया है। जिसके कारण पंचायत समिति की योजनाएं क्रियान्वन करने में उलझन की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि केसठ प्रखंड के अंतर्गत डुमरांव मुख्य नहर की लंबाई लगभग 14 किलोमीटर पड़ता है। जबकि रामपुर पंचायत में 5. 2 किलोमीटर की सीमा का प्राक्कलन तैयार किया गया है। जबकि प्राक्कलन भटौली फॉल से रामपुर सिवान तक जाकर डुमरांव प्रखंड से जोड़ती है। इस आधार पर भटौली फॉल से रामपुर सिवान तक होना चाहिए। जो किसानों के सिंचाई के हित में है। ऐसी स्थिति में जब तक नहर पूरे का प्राक्कलन का तैयार करके कार्य नहीं होता है। तब तक बैजनाथपुर पुल से रामपुर तक, रामपुर फॉल से रामपुर सिवान तक कार्य स्थगित रखना अति आवश्यक है। अन्यथा डुमरांव मुख्य शाखा का कार्य कराने का कोई औचित्य नहीं है।

### जरूरतमंद की सेवा सबसे अच्छा कार्य : डीएम



**बक्सर।** रेडक्रास दिवस के मौके पर स्थानीय इकाई द्वारा सोमवार को शाखा कार्यालय में रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सह अध्यक्ष रेडक्रॉस अंशुल अग्रवाल ने ध्वज फहराया। इसके उपरांत रक्तदान शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रियेश कुमार, बंटी जायसवाल, रवि कुमार शर्मा, अखिलेंद्र चौबे, सौरव अग्रवाल समेत 15 लोगों ने रक्तदान किया। सभागार में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सह एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्रा, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, नगर की मुख्य पार्षद कमरुन्निसा व सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा हमें हर कार्य दिल से करना चाहिए। रेडक्रॉस पीड़ित मानवता की सेवा के लिए स्थापित हुई थी। जो हमें बताती है, जरुरतमंद की सेवा सबसे अच्छा कार्य है। इस दौरान सचिव डॉ श्रवण तिवारी ने सोसाइटी के कार्यों की जानकारी दी। मंच संचालन संचालन रेड क्रॉस के पूर्व अब्जॉर्बर सुरेश संगम ने किया। इस अवसर पर लगभग 20 जरूरतमंद परिवारों को किट प्रदान किया गया।

## रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले एसडीएम कुमार पंकज- पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा धर्म नहीं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रेडक्रॉस सोसायटी दशकों से पीड़ित मानवता की सेवा करते आ रही है। उक्त बातें डुमरांव एसडीएम ने सोमवार को ही। वे विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपशाखा के कार्यालय में झंडतोलन से किया गया। इसके बाद संस्थापक के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित महाराज चंद्र विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रास मानवता की सेवा की मिशाल पेश करता है। उन्होंने इससे जुड़े लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया।

इस दौरान पीड़ित मानवता की सेवा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ। जिसमें मंच संचालन डॉ मनीष कुमार शशि ने किया। संस्था के सचिव डॉ बालेश्वर सिंह संस्थापक के परिवारिक पृष्ठभूमि और समाज सेवा में उनकी प्रवेश को रेखांकित किया। पूर्व सचिव शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि विश्व के 180 देशों में शाखाएं कार्यरत हैं। संगोष्ठी में विषय प्रवेश शिक्षक ब्रह्मा पांडेय ने कराया और



अपने जीवन के अनुभव और विश्व इतिहास के मानव सेवा के उदाहरण को संगोष्ठी में रखा। 2023 का थीम मानवतावाद की भावना का जश्न मनाने और उन व्यक्तियों को पहचानने का समय है जो अपने समुदायों में बदलाव लाते हैं। समाज सेवा से जुड़े वक्ता कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार, डॉ विनीता सिंह, अक्षरा सिंह, अशोक कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, राजीव रंजन सिंह, वंशीधर मिश्र, रघुनाथ मिश्र, मोहन चौधरी, डॉक्टर बी एल प्रवीण, विमलेश सिंह ,सुरेंद्र राय, मोहम्मद वाहिद अंसारी, उमेश गुप्ता, रणधीर प्रताप सिंह, भास्कर मिश्र, कमलेश राय, सौरभ कुमार राय समेत कई अन्य मौजूद थे।

## मुगांव से बरामद हुआ वाराणसी कैंट से अपहृत बच्चा, सीडब्लूसी ने परिजनों को दी जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दो मई को 2023 को एक तीन वर्षीय मासूम वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद कैंट रेल थाने में उसके अपहरण का मामला दर्ज कराया था। वह बच्चा मुंगाव गांव से बरामद हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर कोरानसराय पुलिस ने बच्चे को मुगांव के बसंत यादव के घर से बरामद कर उसे चाइल्ड लाइन के माध्यम से बाल कल्याण समिति बक्सर को सौंपा।

पहले तो बच्चे के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था कि यह कहां का बच्चा है। बसंत ने पुलिस को बताया है कि वह उसे वाराणसी कैंट से लावारिश हालत मिला था। चूकि वसंत का कोई बच्चा नहीं है इसलिए वह से पालने की नियत से अपने घर में रखा था। इधर बाल कल्याण समिति ने उक्त बच्चें को संरक्षण के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान आरा को सौंप दिया। काउंसिलिंग के दौरान ही उक्त बच्चे की पहचान सुनिश्चित करने के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विभा देवी ने बच्चे को अपने गोद में लेकर उसका फोटो विभिन्न थानों तथा रेल पुलिस के अलावे सोसल मीडिया पर डलवाया। इधर बच्चें के माता पिता ने भी एफआईआर दर्ज कराने के बाद उसका फोटो सहित गुमशुदगी की सूचना वाराणसी कैंट, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर सटवाया था। इसी दौरान किसी की नजर उक्त नोटिस के साथ ही वायरल फोटो पर पड़ी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को उस नोटिस के संबंध में जानकारी दी गई है। तब डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी व बाल कल्याण समिति द्वारा वाराणसी कैंट रेल थाने के माध्यम से बच्चें के माता पिता से संपर्क कर यह जानकारी दी गई कि उनका बच्चा सुरक्षित है तथा वह फिलक्त सीडब्लूसी बक्सर के निर्देश पर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान आरा में है। इसके बाद उसके माता पिता बक्सर पहुंचे।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ:** इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही रेल पुलिस वाराणसी कैंट से संपर्क कर उसके माता पिता को सूचना पहुंचाई गई। वसंत यादव के भूमिका की जांच की जा रही है।

## डीएम अंशुल अग्रवाल ने नंदन गांव में किया कचरा प्रबंधन इकाई का शिलान्यास

# स्वच्छता अभियान में पंचायत व प्रशासन का सहयोग करें लोग: डीएम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डीएम अंशुल अग्रवाल सोमवार को डुमरांव प्रखंड में थे। सबसे पहले नंदन गांव पहुंच उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बनने वाले कचरा प्रबंधन इकाई का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से अपने घर तथा आस पास में साफ सफाई रखने तथा स्वच्छता अभियान में पंचायत व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। डीएम ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर हम कई बीमारियों को समाज से दूर कर सकते है। उन्होंने कचर प्रबंधन इकाई का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने तथा डोर टू डोर कूड़ा उठाव के बाद निर्धारित जगह पर ही कचरा डालने को



कहा। डीएम ने कहा कि गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाना सरकार की प्राथमिकता बन गई है। इस दौरान ग्रामीणों ने डीएम के सामने अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### मुगांव में निमार्णाधीन प्लास्टिक प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण

डीएम ने मुगांव में निमार्णाधीन प्लास्टिक प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने स्थानीय लोगों से अपील किया गया कि अपने प्रखण्ड अंतर्गत साफ सफाई में सहयोग करें तथा सुखा एवं गीला डस्टबिन में ही घर के कचरें को सफाई कर्मी को दोनों डस्टबिन के माध्यम से उपलब्ध कराए। डीएम ने प्लास्टिक प्रसंस्करण इकाई को और बेहतर प्रबंधन हेतु संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए साथ ही आस पास के क्षेत्र में अन्य विकासात्मक कार्य की गति तेज करने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम मुंगांव पंचायत में चल रहे कार्यों की सराहना की तथा अन्य पंचायतों को भी इससे सीख लेने की नसीहत दी। दोनों पंचायतों के निरीक्षण के बाद डीएम डुमरांव प्रखंड कार्यालय पहुंचे। यहा रजिस्ट्री कार्यालय, प्रखंड कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कर्मियों की उपस्थिति तथा विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन किये। उन्होंने कार्यालय में बेहतर कार्य संस्कृति हेतु संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता बक्सर, उप विकास आयुक्त डा महेन्द्र पाल, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ अंकिता सिंह तथा कई अन्य कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद देश की सबसे बड़ी समाजसेवी संगठनः ब्रह्मानंद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- भारत विकास परिषद मौनी बाबा के सदस्यों का दायित्व ग्रहण व अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

भारत विकास परिषद मौनी बाबा, नन्दगंज शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का रविवार की देर शाम दायित्व ग्रहण व अधिष्ठापन समारोह का आयोजन राधिका पैलेस नन्दगंज में समपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा के सामने भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन व मुख्य वक्ता ब्रह्मानंद पेशवानी तथा मुख्य अतिथि डॉ. गजाधर शर्मा ने दीप जलाकर किया। वन्देमातरम गीत गायन के बाद इस भव्य समारोह में सर्वसम्मत से भाविप मौनीबाबा नंदगंज के नवगठित शाखा का अध्यक्ष पद के लिए सुजीत कुमार के नाम की घोषणा हुई। इस गरिमामय दायित्व पद की शपथ प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीन पटेल ने दिलवाई। इसके बाद नंदगंज शाखा के सचिव पद के लिए प्रवीण कुमार (पंकज) कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रवीण सिंह (लव) और महिला सयोजिका कुमकुम श्रीवास्तव को संयुक्त महासचिव प्रमोद राम त्रिपाठी ने शपथ दिलाई। तत्पश्चात कुल 51 सदस्यों तथा अपने कार्यसमिति को नवनियुक्त अध्यक्ष सुजीत कुमार ने शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के मुख्यवक्ता ब्रहम्हानंद पेशवानी ने कहा कि भारत विकास परिषद देश की सबसे बड़ी समाजसेवी संगठन है। यह गर्व की बात है कि भरत विकास परिषद



में ग्रामीण क्षेत्र के छोटे छोटे बाजारों में भी समाज सेवी लोग आगे आकर बढ़ चढ़कर सेवा भाव के लिए हिस्सा ले रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण मौनीबाबा- नंदगंज की शाखा है। समारोह के मुख्य अतिथि डा. गजाधर शर्मा गंगेश ने बोले कि भारत विकास परिषद से जुड़ना एक नेक और महान काम है। इस संगठन में व्यक्तित्व का भी निर्माण होता है। इसके माध्यम से भारत के कोने कोने से जुड़ने का एक अवसर प्राप्त होता है। मौके पर उन्होंने एक स्वरचित परिषद सम्बन्धी एक गीत सुनाकर आयोजकों से कहा कि यदि गीत अच्छा व सार्थक हो तो अपने हर कार्यक्रम में गाया जाय। जिसे राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। प्रान्तीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाजीपुर में दूसरी शाखा का खुलना ये दशार्ता है कि प्रदेश में सबसे अग्रिणी भूमिका में समाजसेवी लोग गाजीपुर में है। जो गाजीपुर के विकास में अहम भूमिका निभा रहे है।

गाजीपुर के समाज सेवी व भारत विकास परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय कुमार ने अपने गृह जिला में पधारने पर प्रान्तीय व नेशनल टीम के सभी पदाधिकारियों का गाजीपुर की जनता के तरफ से अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि गाजीपुर की भारत विकास परिषद की दोनों शाखा दिन रात समाज के लोगो के बीच रहकर समाज मे हर तपके के लोगो के पास पहुंचकर समाज में एक सुधारक बनकर अपना योगदान कर रही है। उन्होंने मौनी बाबा नन्दगंज के शाखा के अध्यक्ष सुजीत कुमार को एक कर्मठ, ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि ये पहले से ही अपने कोटा ग्लोबल स्कूल, बाघी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना पूरा योगदान देते आये है और अब भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों के साथ मिलकर गांव और बाजार में अलख जगाकर समाजसेवी के रूप में कार्य करेंगे।

## नगर निकाय चुनाव में खड़े उम्मीदवारों और सदस्यों से डीएम ने की बातचीत

# चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करनेवालों पर होगी कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर निकाय चुनाव-2023 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बलिया स्थित कोतवाली में चुनाव में खड़े उम्मीदवारों और सदस्यों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रत्याशियों को अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने के लिए कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील है कि मतदान अवश्य करें। 10 मई को पोलिंग पार्टियां बूथ पर पहुंच जाएंगी। सब से अनुरोध है कि पोलिंग बूथ पर किसी प्रकार की सत्कार की व्यवस्था ना करें। इससे अन्य पार्टियों में गलत मैसेज जाता है। 11 मई को मतदान है। मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक चलेगा। पोलिंग एजेंट उसी वार्ड का सदस्य होना चाहिए। किसी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को पोलिंग एजेंट नहीं बनाया जाएगा। अपने पोलिंग एजेंट को समय से भेजे। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के लिए एक वाहन और सदस्य के लिए कोई वाहन अनुमन्य



- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव आयोग के नियमों से उम्मीदवारों को कराया अवगत

नहीं है। उसमें मतदाताओं को लाने व ले जाने के लिए कोई सुविधा नहीं होगी। मतदान करने लोग अपने वाहन से ही जाएंगे। जनपद बलिया में शांति और निष्पक्ष चुनाव होगा इसके लिए प्रशासन कटिबद्ध है। यदि कोई चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास करेगा तो उस पर कठोर कार्यवाही होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि मतदान को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान दें। कोशिश रहेगी किसी प्रकार की शिकायत ना आने पाए। यदि कोई शिकायत आती है तो उस पर तुरंत कार्यवाही होगी। चुनाव में यदि कोई बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उस पर कठोर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से चुनाव पर नजर रखी जाएगी। कोई भी वोटरों को डराने धमकाने का प्रयास ना करें। मतदान के दिन किसी बाहरी व्यक्ति को अपने घर में शरण ना दें। यदि ऐसा है तो पुलिस को सूचना दें। मतदान वाले दिन शांति व्यवस्था बनाए रखें।

## संवेदनशील व अति संवेदनशील प्लस बूथों की सुरक्षा बीएसएफ के जिम्मे

**बलिया।** जिले के 12 निकायों के संवेदनशील व अति संवेदनशील प्लस बूथों की सुरक्षा बीएसएफ जवानों के जिम्मे होगी। जबकि सुरक्षा को लेकर जिले को 16 जोन और 60 सेंक्टरों में बांटा गया है। चुनाव के लिए एक प्लाटून बीएसएफ, दो प्लाटून पीएसी, 150 उपनिरीक्षक व आसपास जोन से अतिरिक्त पुलिस बल आएगा। जिला प्रशासन आयोग को सूची भेज चुका है। बीएसफ के जवान निकायों में कैम्प लगा चुके हैं, वह संवेदनशील क्षेत्रों लगातर गश्त कर लोगों को सुरक्षित मतदान करने का भरोसा दे रहे हैं। जनपद में निकाय चुनाव पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जिले को 16 जोन व 60 सेक्टर बांटा गया है। सुरक्षा को लेकर क्षेत्राधिकारी को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव में 51 संवेदनशील, 55 अति संवेदनशील व 15 अति संवेदनशील प्लस बूथ है। जिस पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। इन बूथों पर बीएसफ के जवान मुस्तैद रहेगे। वह बुथ के आसपास किसी को फटकना तो दूर चिड़िया को भी पर नही मारने देगे। अन्य बुथों पर पुलिस व पीएससी के जवान तैनात रहेगें। सुरक्षा की दृष्टी से जिले में 10 अंतर्जनपदीय, 12 अंतरराज्यीय बैरियर बनाए गए है। इनपर 24 घंटे पुलिस जवान मुस्तैद है, जो हर आने-जाने वालों की चेकिंग कर रहे हे। 12 उड़न दस्ता टीम सभी निकाय क्षेत्रों में सक्रीय है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि निकाय चुनाव 12 थाना क्षेत्रों में है। बीएसफ की कंपनी जिले में कैम्प कर चुकी है, वह संवेदशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर रही है।

## ग्राम पंचायत शिविर में शामिल हुए किसान

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त पात्र कृषको व लाभार्थियों को सूचित कर उनके संतृप्तीकरण के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन 22 मई 2023 से दस जून 2023 तक संचालित किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर लेखपाल, प्राविधिक सहायक, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी, डाक विभाग के कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं संबन्धित ग्रामों के ग्राम प्रधान शामिल होगें। जिसमें निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन किया जाएगा। जिस कृषक का पंजीकरण नहीं हुआ है, मौके पर पंजीकरण किया जाएगा। जिन लाभार्थियों ने पंजीकरण कर दिया है, लेकिन उनका सत्यापन लम्बित है, ऐसे कृषकों का लेखपाल के द्वारा उनकी भूमि का सत्यापन किया जाएगा और कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों द्वारा किसान से हस्ताक्षरित घोषणा पत्र प्राप्त किए जाएंगे। ऐसे लाभार्थी जिनके भूलेख का सत्यापन नहीं हुआ है उनका मौके पर लेखपाल भूलेख का सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात तहसील लागिन से उनको अपलोड किया जाएगा। साथ ही अपात्र कृषकों को चिन्हित करके उनका आवेदन निरस्त किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई सम्बन्धित ग्राम के लेखपाल एवं प्राविधिक सहायक से सम्पर्क कर सकते है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि आयोजित कैम्प में आधार कार्ड, बैक पासबुक व खतौनी की फोटो कापी लेकर अनिवार्य रूप से आएं जिससे समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

# युवा उद्यमियों को मिलेगा उद्योग लगाने के लिए लाखों का ऋण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के इच्छुक युवा, युवतियों एवं भावी उद्यमियों को अब उत्तर प्रदेष सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना (एमवाईएसवाई) के अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2023-24 का लक्ष्य प्राप्त हो गया है। जिसके अन्तर्गत ऋण प्राप्त कर अपना उद्यम (विनिर्माण/सेवा) स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए आवेदन पत्र वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in पर लक्ष्य पूर्ति तक आन लाइन किया जा सकता है।

ऑन लाइन आवेदन करने हेतु आवष्यक दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, षैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं 10 रुपए के स्टाम्प पेपर पर षपथ पत्र इस आषय का कि इसके पूर्व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित ऋण परक योजना में उपादान का लाभ प्राप्त नही किया गया है। योजनान्तर्गत आवेदक की आयु एक अप्रैल 2023 को न्यूनतम 18 वर्श एवं अधिकतम 40 वर्श तक तथा न्यूनतम षैक्षिक योग्यता हाई स्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिए। वह किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र की 25 लाख रुपए तक की कुल परियोजना लागत की सूक्ष्म इकाईयों तथा सेवा क्षेत्र की 10 लाख रुपए तक की कुल परियोजना लागत की सूक्ष्म इकाईयों की स्थापना हेतु कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिषत की दर से उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम 6.25 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम 2.50 लाख रुपए की सीमा तक मार्जिनमनी (सब्सिडी) उपलब्ध कराया जायेगा, जो इकाई के दो वर्श तक सफलतापूर्वक संचालन उपरान्त अनुदान के रूप में प्राप्त हो जायेगा। विषेश जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में सम्पर्क कर सकते हैं।

# डीएम ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपरों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में पांच एवं इंटरमीडिएट में तीन परीक्षार्थियों ने प्रदेश में टाप-10 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम उज्जवल किया है। साथ ही जनपद में हाईस्कूल का प्रतिशत 91.45 तथा इंटरमीडिएट में 71.04 प्रतिशत रहा। उक्त के क्रम में प्रदेश स्तर पर एवं जनपद स्तर पर प्रथम 10 रैंक में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके प्रधानाचार्य व प्रधानाचार्या एवं अभिभावकगण को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने राइफल क्लब सभागार गाजीपुर में प्रदेश में प्रथम स्थान पाये जाने पर छात्र-छात्राओं को प्रशिस्त पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हाई स्कूल छात्रा प्रदशे मे छठवा स्थान खुशी जायसवाल एचएस इंटर कालेज देवकली, 97.17 प्रतिशत सतवा स्थान आचल तिवारी 97 प्रतिशत पीटीएमएमएम इंटर कालेज सिखड़ी, आठवा स्थान प्रियान्शु शर्मा 96.83 प्रतिशत विन्देश्वरी उत्तर माध्यमिक विद्यालय टड़वा मु0बाद, नौवा स्थान पर स्मृति विश्वकर्मा 96.67 प्रतिशत आदर्श बौद्व इण्टर कालेज



छावनी लाईन गाजीपुर दशवा स्थान श्रेया प्रजापति 96.50 प्रतिशत सीपीआई उत्तर माध्यमिक विद्यालय बिजौरा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। इण्टर के छात्र व छात्राओं द्वारा प्रदेश में पॉचवे स्थान पर ज्योति यादव 96.60 पीटीएमएमएम इंटर कॉलेज सिखड़ी, नौवा स्थान पर दो छात्रों में स्वेता तिवारी 95.80 पीटीएमएमएम इंटर कॉलेज सिखड़ी एवं दानिश अंसारी 95.80 स्वामी आत्मानन्द इण्टर कालेज टोडरपुर अंक प्राप्त कर प्रदेश में एवं जनपद में भी रोशन किया।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित

# हम सबको समाज व राष्ट्र सेवा को देनी चाहिए प्राथमिकताः प्रो. कल्पलता

**केटी न्यूज/बलिया**

अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगवा स्थित शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में 55 असहाय एवं जरुरतमंद महिलाओं को किचन सेट, तिरपाल व साबुन तथा महाविद्यालय की 50 छात्राओं को स्वच्छता से संबंधित हाइजीन किट व साबुन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति व संरक्षक सदस्य रेडक्रास सोसायटी बलिया प्रो. कल्पलता पांडेय ने मां




सरस्वती व शहीद मंगल पांडे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि प्रथम विश्वयुद्ध तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में रेड क्रॉस सोसाइटी की अहम भूमिका रही। यही वजह है कि 1901में प्रथम नोबेल पुरस्कार रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डयूनेंट को दिया गया। उन्होंने कहा कि सेवा भाव सभी के अंदर होना चाहिए, वृद्धजनों की सेवा को सबको प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने रक्तदान को बढ़ावा देते हुए कहा कि लाल खून से किसी के लाल को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सबको मनुष्यता, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए। युवाओं में असीम उर्जा है इसका प्रयोग समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा में करने की आवश्यकता है। समाज सेवा के माध्यम से भारत बहुत जल्दी विश्व गुरु बन सकता है। उन्होंने कर्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए रेडक्रास सोसायटी बलिया के समन्वयक शैलेंद्र पांडेय एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आनंद कुमार ने रेड क्रॉस डे क्यों मनाया जाता है के बारे में विस्तार से बताया तथा क्षय रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय ने रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा जनपद में कराये जा रहे सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। जिला शिकायत प्रबंधक आयुष्मान भारत अनुपम सिंह द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में विस्तार से बताया। उप सभापति रेडक्रास सोसायटी बलिया विजय कुमार शर्मा द्वारा रेडक्रास टीम बलिया की तरफ से कुलपति महोदय को प्रतिक चिन्ह भेंट किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किए गए कार्य अति प्रशंसनीय हैं। सृजन के इस कार्य में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए तभी समाज व राष्ट्र का उत्थान होगा। ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी ने भी किचन सेट व हाइजीन किट के वितरण की प्रशंसा की। मौके पर मंगल पांडे विचार सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत पाठक, भुवनेश्वर पासवान, रेडक्रास सोसायटी बलिया से शशिकांत ओझा, डॉ पंकज ओझा, नमामि गंगे के समन्वयक सलभ उपाध्याय व अन्य रहे मौजूद रहें।

## एक नजर

### मुर्गा पार्टी के दौरान हुए विवाद में चली गोली से युवक घायल, जांच में जुटी पुलिस



**गाजीपुर।** भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के परसपुर गांव में बीती रात बारह बजे मुर्गा पार्टी के दावत में पिस्टल से गोली चली। गोली लगने से बगल के गांव शेखपुर निवासी शिव हरि यादव (22) पुत्र श्याम सुंदर यादव के दाहिने सीने में गोली लग गई। जिसे तत्काल लोग निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर वाराणसी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि घायल शिव हरि यादव दो दिन पूर्व कोलकाता से कमाके घर लौटा था। दोस्तों ने दावत की मांग की। जिसमें बगल के गांव परसपुर में जसवंत सिंह के घर पर दावत चली। दावत के दौरान अवैध पिस्टल से गोली सीधे दावत देने वाले शिव हरि यादव के सीने में लगी। जिसको वाराणसी में इलाज चल रहा है। घायल शिव हरि यादव के मां अर्चना देवी की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। रात बारह बजे सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती देवी, जलालपुर धनी चौकी इंचार्ज गोविंद मौर्या, पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत

**बलिया।** रेवती थाना अंतर्गत बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य सोमवार के दिन ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य नारायणगढ़ गांव के समीप 55 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र दत्त मय हमराह मौके पर पहुंच गए तथा शव का शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गए। इस बीच शव की शिनाख्त बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जमालपुर निवासी राम पुकार सिंह पुत्र परमानंद सिंह के रूप हुआ। इस संबंध में उप निरीक्षक धर्मेंद्र दत्त ने बताया कि बैरिया थाना अंतर्गत जमालपुर निवासी राम पुकार सिंह पुत्र परमानंद सिंह जो मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। सुबह टहलते हुए नारायणगढ़ रेलवे लाइन के पास पहुंच गए।इसी बीच सुरेमनपुर से बलिया की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गए,जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतक का सिर पूरी तरीके से क्षत-विक्षत हो गया था। पुलिस लाइन शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।



### ग्राम पंचायत शिविर में शामिल हुए किसान

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त पात्र कृषकों व लाभार्थियों को सूचित कर उनके संतृप्तीकरण के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन 22 मई 2023 से दस जून 2023 तक संचालित किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर लेखपाल, प्राविधिक सहायक, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी, डाक विभाग के कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं संबन्धित ग्रामों के ग्राम प्रधान शामिल होगें। जिसमें निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन किया जाएगा। जिस कृषक का पंजीकरण नहीं हुआ है, मौके पर पंजीकरण किया जाएगा। जिन लाभार्थियों ने पंजीकरण कर दिया है, लेकिन उनका सत्यापन लम्बित है ऐसे कृषकों का लेखपाल के द्वारा उनकी भूमि का सत्यापन किया जाएगा और कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों द्वारा किसान से हस्ताक्षरित घोषणा पत्र प्राप्त किए जाएंगे। ऐसे लाभार्थी जिनके भूलेख का सत्यापन नहीं हुआ है उनका मौके पर लेखपाल भूलेख का सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात तहसील लागिन से उनको अपलोड किया जाएगा। साथ ही अपात्र कृषकों को चिन्हित करके उनका आवेदन निरस्त किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई सम्बन्धित ग्राम के लेखपाल एवं प्राविधिक सहायक से सम्पर्क कर सकते है। किसान भाईयों से अनुरोध है कि आयोजित कैम्प में आधार कार्ड, बैक पासबुक व खतौनी की फोटो कापी लेकर अनिवार्य रूप से आएं जिससे समस्याओं का समाधान कराया जा सके।

### फरार अभियुक्त के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**गाजीपुर।** सोमवार को नंदगंज थाने की पुलिस ने काफी दिनों से हाजिर न होने व फरार चल रहे सिहोरी ग्राम निवासी अभियुक्त अमरजीत पासी पुत्र महेंद्र पासी के घर पहुंच कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद फरार चल रहे आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया। उन्होंने बताया कि धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया, तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव में प्रतिनियुक्त कार्मिकों का रेंडमाइजेशन एवं प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण : जिलाधिकारी

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रेक्षक शेषनाथ, विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास की अध्यक्षता में समस्त आरओ एवं प्रभारी अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। ज्ञातव्य है कि जनपद में कुल 11 नगरीय निकाय हैं। जिसमें से एक नगर पालिका एवं 10 नगर पंचायत शामिल है। नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर नवसृजित निकाय है।



समस्त नगर निकायों में कुल 196 वार्ड, 176 मतदान केंद्र एवं 607 मतदेय स्थल तथा 524052 मतदाता है। इन सभी निकायों में सबसे अधिक 45 वार्ड नगर पालिका परिषद में है एवं सबसे कम 11-11 वार्ड नगर पंचायत दोहरीघाट एवं अदरी में है। सर्वाधिक मतदाता 295565 नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन मऊ में तथा सबसे कम मतदाता 9389 नगर पंचायत दोहरीघाट में है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में 110 प्रतिशत कार्मिकों का रेंडमाइजेशन कर प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिकोण से जनपद को कुल 42 सेक्टर तथा 15 जोन में विभाजित किया गया है एवं सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती कर बूथ सत्यापन व रूट सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मा0 प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव के लिए दो से तिन दिन और शेष रह गए हैं इसलिए चुनाव में जितने रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें अन्यथा संबंधित ही खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक के उपरांत मा0 प्रेक्षक द्वारा कंट्रोल रूम एवं एम0सी0एम0सी0 रूम का निरीक्षण किया गया। इस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भानू प्रताप सिंह सहित समस्त रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।